भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1962
दिनांक 03 अगस्त, 2022 / 12 श्रावण, 1944 (शक) को उत्तर के लिए

जम्मू और कश्मीर में रोज़गार

1962 श्री कपिल सिब्बलः
श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिलः
श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान जम्मू और कश्मीर में जिला-वार और वर्ष-वार रोजगार दर कितनी हैं;
(ख) अगस्त, 2019 से सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से कितनी नौकरियां सृजित की गई, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्ष 2022 तक 25000 नौकरियों सृजित करने के सरकार के लक्ष्य की दिशा में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार इस लक्ष्य को पूरा करने के पथ पर अग्रसर है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है और इसकी संशोधित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क): जम्मू और कश्मीर में रोजगार दर के बारे में जिला-वार जानकारी उपलब्ध नहीं है |

(ख) से (घ): जम्मू और कश्मीर सरकार ने वर्ष 2019 से कुल 29, 806 सार्वजनिक क्षेत्र में भर्ती की है । इसके अतिरिक्त, अगस्त 2019 से जून 2022 तक स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से 5.2 लाख व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजन होने का अनुमान है।

*****